# नशा युवाओं की जड़ों को खोखला कर रहा : आनंदेश्वर महाराज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आज खेल परिसर कंपू से कटोराताल

**मिनी मैराथन, प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दिया नशामुक्ति का संदेश**

तक मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी हाथों में नशामुक्ति एवं तंबाकू विरोधी संदेश लिखी तख्तियां और स्लोगन लेकर चल रहे थे तथा आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे थे।

मिनी मैराथन का शुभारंभ संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग के खेल अधिकारी श्री जोसेफ एवं रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए।

इसके पश्चात प्रातः 11 बजे बाल भवन परिसर में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा जगतगुरु धाम अखाड़ा परिषद के संस्थापक आनंदेश्वर महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर विनोद सिंह उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में आनंदपाल सिंह भदौरिया (गायत्री परिवार), आदर्श दीदी (ब्रह्माकुमारी), जिला अस्पताल प्रभारी डॉ. रश्मि मिश्रा, तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सौरभ सिंघई तथा शिक्षा विभाग के आफाक हुसैन एवं रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसकी आकर्षक प्रस्तुति खुशी परवानी द्वारा दी गई। इसके बाद सीमा सोनी एवं उनकी टीम ने नशे के दुष्परिणामों पर आधारित प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय को जागरूक किया।

कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत उद्बोधन रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सभी वर्गों को मिलकर जनजागरण अभियान चलाना होगा।

मुख्य अतिथि आनंदेश्वर महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि 'नशा युवाओं की जड़ों को खोखला कर रहा है। हम सभी को मिलकर इस नशा रूपी राक्षस का समूल नाश करना होगा और युवा पीढ़ी को संस्कार, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर करना होगा।'

अध्यक्षीय उद्बोधन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर ने कहा कि नशे के खिलाफ समाज और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। वहीं संयुक्त कलेक्टर विनोद सिंह सहित अन्य अतिथियों ने भी तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए नशामुक्त समाज निर्माण का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गये. कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र सेंगर ने तथा उपस्थित लोगों का आभार सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पूर्वी अग्रवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पूनम शाक्य, रुकमणी अग्रवाल, गिर्राज सिंह, रामदास माहौर, अभिलाषा श्रीवास्तव, हिमांशु माहौर, आकाश खरे, रामकुमार मीणा, राजकुमार आर्य सहित स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, रमन शिक्षा समिति, अहिंसा बाल कल्याण समिति सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# गौशाला में सोलर प्लांट से होगी 4 लाख प्रति माह की बिजली बचत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** ग्वालियर की आदर्श गौशाला अब तेजी से स्वावलंबी बनने जा रही है। आदर्श गौशाला में सीएसआर मद से बायो सीएनजी प्लांट लगाया गया, जिससे निगम अब स्वयं की बिजली बना सकेगा। इस बिजली का उपयोग सीएनजी प्लांट के संचालन में लगी मशीनों को चलाने के लिए किया जाएगा। इससे निगम की प्रतिमाह लगभग 4 लाख रुपए की बचत होगी। गौशाला में जगह का सद्पयोग करने के लिए सोलर प्लांट को गायों के लिए बनाए गए टीनशेड की छत पर लगाया गया है, जिससे सीधी धूप सोलर प्लेट पर आएगी, वहीं गौशाला की जगह भी व्यर्थ नहीं जाएगी।

सहायक यंत्री विद्युत राम बाबू दिनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम में एनर्जी ऑडिट का कार्य किया जा रहा है इसके तहत निगम में लगे विद्युत मीटर का लोड कम किया जाकर वास्तविक खपत के आधार पर आकलन किया जा रहा है। इसी के साथ ही नगर निगम द्वारा आदर्श गौशाला में 2 करोड़ की लागत से 400 किलोवॉट की क्षमता का सोलर प्लांट लगाया जा रहा है।

### नई गौशाला में लगी तीन टीनशेड पर लगा है प्लांट

आदर्श गौशाला में 2 करोड़ रुपए की लागत से गौशाला में तीन नए शेड बनवाए थे। इन तीन शेड़ों में तकरीबन 2500 गाय रहती हैं। इन नए शेड़ों की छत पर सोलर प्लांट लगाए गए हैं। जिससे गौशाला में खुली भूमि का सद्पयोग किया जा सके। उल्लेखनीय है कि सीएनजी प्लांट के संचालन के लिए हाई प्रेशर कम्प्रेशर, चिलिंग प्लांट, 15 फीडिंग पंप लगे हैं। इनके संचालन में गौशाला का हर माह 8 लाख रुपए का बिल आता है। सोलर प्लांट लगने से तकरीबन 4 लाख रुपए के बिजली बिल की बचत होगी। नगर निगम की आदर्श गौशाला में प्रतिदिन 1000 से 1200 किलो बायो सीएनजी बनाई जाती है। इन सीएनजी गैस को राजस्थान कंपनी को बेचा जाता है। जिससे प्रतिदिन तकरीबन 80 हजार रुपए की आय नगर निगम को होती है। इसके साथ ही अब 4 लाख बिजली के बिल की बचत होगी। वहीं बायो सीएनजी प्लांट से निकल रही खाद की बिक्री की जाती है। इससे भी नगर निगम को आय होती है।

# बारिश में न हो जल भराव, निगम अमला तत्परता से कर रहा है नाला सफाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** -बारिश से पहले जलभराव को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान चलाकर नाला सफाई कार्य किया जा रहा है। नाला सफाई अभियान के दौरान नगर निगम ग्वालियर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 312 नाले साफ किए जा चुके हैं। शनिवार को नगर निगम के सफाई अमले ने 11 नालों को जेसीबी, पोकलेन एवं मैनुअल लेबर लगाकर साफ किया गया। नगर निगम के मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्वालियर में लगभग छोटे बड़े 334 नाले सफाई के लिए चिन्हित किए हैं, इनमें से नगर निगम अभी तक 312 नाले साफ कर चुका है। बडे नालों को जेसीबी, पोकलेन मशीन के माध्यम से साफ किया जा रहा है। वहीं छोटे नालों को मैनुअल साफ किया जा रहा है, जिससे बारिश के मौसम में शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति ना बने।

### आज इन क्षेत्रों के नालों को किया साफ

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने वार्ड 52 में इंद्रलोक गार्डन, वार्ड 38 में बजरंग कॉलोनी नाला ,वार्ड 54 में कमांडेंट बंगले के बाहर वाला नाला, वार्ड 53 में नयापुरा वाला नाला, वार्ड साथ में कृष्णा कॉलोनी वाला नाला, वार्ड 6 में राय कॉलोनी नौखन की पुलिया वाला नाला, वार्ड 52 में सिंधी कॉलोनी के पीछे वाला नाला, वार्ड 15 में बिरला नगर सब्जी मंडी वाला नाला ,वार्ड 37 में गुप्ता कोल डिपो वाला नाला, वार्ड 9 में सागर ताल रोड वाला नाला ,वार्ड 18 में ग्लोरी विद्या शताब्दी पुरम नाला, वार्ड 3 में गौरीशंकर स्कूल के पास वाला नाला, वार्ड 39 में डोली बुआ का पुल वाला नाला, वार्ड 22 में स्टेशन बजरिया वाला नाला, वार्ड 60 में हनुमान मंदिर के पीछे हुरावली स्थित नाला, वार्ड 53 में राधिका विहार का नाला, वार्ड 55 में गुड़ा गुड़ी का नाका सब्जी मंडी वाला नाला ,वार्ड 52 में गुड़ा गुड़ी का नाका मुक्तिधाम रोड वाला नाला, वार्ड 45 में लोहिया बाजार नाली की सफाई कराई गई।

## हॉकर जोन में चला विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान

**ग्वालियर 30 मई.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा लगातार शहर के विभिन्न रहवासी एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफाई अभियान चला कर उन्हें सुंदर एवं स्वच्छ बनाया जा रहा है इसी के तहत आज वार्ड 17 गोल पहाड़ियां स्थित हॉकर्स जोन में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न हॉकर जोन में विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हॉकर जोन क्षेत्रों की व्यापक सफाई कराई गई तथा आमजन और व्यापारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान हॉकर जोन में रंग-रोगन और आकर्षक पेंटिंग का कार्य कराया गया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाकर क्षेत्र को सजाया गया, जिससे हॉकर जोन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक नजर आया।

# जल समस्या जानने, सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत ने पानी की समस्या जानने के लिए कई ग्रामीण इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें

**ग्राम विलपुरा में पड़ोसी गांव से लाइन बिछाने के दिए निर्देश**

ग्राम विलपुरा के एक वार्ड में पानी की समस्या मिली। चूंकि गांव में पहले ही 6 बोर किए जा चुके थे लेकिन सभी फेल हो गए। इसके चलते सीईओ ने ग्राम दुगनावली में बोरिंग कराकर विलपुरा तक पाइप लाइन बिछाने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ ने बताया कि मितावली गांव में टंकी के माध्यम से लोगों के घरों में तिघरा का पानी सप्लाई किया जा रहा है। वहीं ग्राम नायकपुरा, तालपुरा,



भयपुरा में पानी की लाइन बिछाने का कार्य जल संसाधन निगम द्वारा किया जाना था, पूर्व में टेंडर होने के बाद ठेकेदार ने बीच में कार्य छोड़ दिया, जिसके चलते ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। भोपाल स्तर से इन गांवों में पेयजल सप्लाई के लिए टेंडर किए जा चुके हैं, जल्द ही यहां कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इन गांवों में बोरिंगों के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में पानी का संकट नहीं है, जिला पंचायत के अधिकारी लगातार जल सप्लाई को लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।

रावत ने ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी हैंडपंप खराब स्थिति में न रहे। हैंडपंप खराब होने की सूचना मिलने पर विभागीय स्तर पर तत्परता से ठीक कराने का कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन यंत्री मेघा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# हवाई यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी आज 856 यात्रियों ने किया सफर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** शहर के हवाई अड्डे पर शनिवार, 30 मई को

**3 विमानों की लैंडिंग और 3 विमानों ने किया का टेक-ऑफ**

विमान यात्रियों की भारी चहल-पहल देखी गई। विभिन्न सेक्टरों से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, आज कुल 856 यात्रियों ने हवाई सफर तय किया। इस दौरान कुल 6 विमानों का मूवमेंट दर्ज किया गया, जिसमें 3 विमानों की लैंडिंग और 3 विमानों का टेक-ऑफ शामिल रहा। सभी उड़ानों की कुल सीट क्षमता 534 थी, जिसके मुकाबले सफर करने वाले यात्रियों की संख्या काफी बेहतर रही।

### मुंबई रूट पर उमड़े सबसे ज्यादा यात्री, बेंगलुरु भी पीछे नहीं

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि आज सबसे ज्यादा डिमांड मुंबई रूट पर देखने को मिली. इंडिगो की मुंबई फ्लाइट में यात्रियों की जबरदस्त भीड़ रही। 186 सीटों की क्षमता वाले इस विमान से जहां 121 यात्री शहर पहुंचे, वहीं रिकॉर्ड 173 यात्रियों ने मुंबई के लिए उड़ान भरी। वहीं बेंगलुरु रूट पर भी यात्रियों का अच्छा रिस्पॉन्स रहा। 162 सीटों की क्षमता वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से 147 यात्री शहर आए और 151 यात्री रवाना हुए। देश की राजधानी दिल्ली के लिए भी यात्रियों का मूवमेंट सामान्य रहा। इंडिगो की दिल्ली फ्लाइट से 137 यात्री यहां पहुंचे और 127 यात्रियों ने दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

# पीड़ित महिला बेटियों संग पहुंची एसपी ऑफिस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** हजीरा थाना क्षेत्र के जाति की लाइन में रहने वाली पीड़िता सीमा सेंगर शनिवार को अपनी दो बेटियों के साथ पुलिस कप्तान कार्यालय पहुंची।

**पीड़िता ने अपने चचिया ससुर पर लगाए गंभीर आरोप, कहा कि सुनवाई नहीं हुई तो करेंगी आत्मदाह**

महिला ने हजीरा पुलिस पर सुनवाई न करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला सीमा ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो वे अपनी बेटियों के साथ आत्मदाह करने पर मजबूर हो जाएंगी।

**पति के पैर तोड़े, अब परिवार को कर रहे प्रताड़ित-** पीड़िता सीमा सेंगर ने अपने चचिया ससुर पर आरोप लगाते



हुए कहा कि हमारे पड़ोसी जयनंदन सिंह सेंगर द्वारा उनके परिवार को लगातार प्रताड़ित और परेशान किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले जयनंदन सिंह सेंगर ने उनके पति अनुपम सेंगर के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। मारपीट के दौरान मेरे पति के पैरों पर भारी पत्थर पटक दिया, जिससे मेरे पति अनुपम सेंगर के दोनों पैरों के पंजों की उंगलियां टूट गईं।

### बेड पर हैं पति, फायदा उठा रहा पड़ोसी

पीड़िता के अनुसार, उनके पति गंभीर रूप से घायल हैं और घर पर बेड पर पड़े हुए हैं। वे चलने-फिरने में पूरी तरह से लाचार हैं। पति की इस बेबसी का फायदा उठाकर मेरे चचिया ससुर जयनंदन सिंह अब महिला और उसकी बेटियों को मानसिक व शारीरिक रूप से और भी अधिक परेशान कर रहे है। स्थानीय थाने में शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई न होने से परेशान होकर पीड़िता को मजबूरन अपनी बेटियों के साथ एसपी ऑफिस के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# मोबाइल में मिले सुसाइड नोट की होगी जांच

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** पड़ाव थाना क्षेत्र के डफरिन सराय में नगर निगम कर्मचारी गौरव सिंह भदौरिया द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक जांच शुरू कर दी है।

शनिवार को एफएसएल और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस अब यह

**नगर निगम कर्मी सुसाइड केस, भाई को वीडियो कॉल कर मारी थी गोली**

जांच कर रही है कि गौरव के मोबाइल में मिला सुसाइड नोट उसने खुद लिखा था या इसे किसी और ने तैयार किया है।

### अपनों पर ही प्रताड़ना का आरोप

निगम कर्मी गौरव ने अपने कमरे में लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली उड़ा ली थी। आत्मघाती कदम उठाने से ठीक पहले उसने अपने भाई को वीडियो कॉल किया और मोबाइल में एक सुसाइड नोट छोड़ा। सुसाइड नोट में गौरव ने अपनी ही मां, पिता, बहन और मामी पर जमीन छीनने की कोशिश और लाखों रुपए ऐंठने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद से परिवार गहरे सदमे और कोहराम में है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की स्थिति सामान्य होने पर और सुसाइड नोट में नामजद लोगों से जल्द पूछताछ की जाएगी।

संघर्ष से सफलता तक

# ग्वालियर के शक्ति ने मुंबई में स्थापित किया अपना मुकाम

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** कहा जाता है कि सपनों के शहर मुंबई में जगह बनाना हर किसी के बस की बात नहीं होती, लेकिन अगर इरादे मजबूत हों और खुद पर अटूट विश्वास हो, तो हर मुश्किल राह आसान हो जाती है। ग्वालियर शहर से निकलकर मायानगरी मुंबई में अपनी पहचान बनाने वाले एक उभरते हुए अभिनेता शक्ति सिंह की कहानी भी कुछ ऐसी ही है, जिन्होंने अपने 15 साल लंबे कड़े संघर्ष के बाद आखिरकार बॉलीवुड में अपनी एक खास जगह बना ली है। अपनी पहली फिल्म की रिलीज होने के बाद ग्वालियर आए शक्ति सिंह से उनके अनुभव और संघर्षों पर बातचीत हुई।

**भावनात्मक चुनौतियों से भरी रही शुरुआत-** आज से करीब 15 साल पहले जब वह अभिनेता बनने का सपना लेकर मुंबई गये थे, तब राहें इतनी आसान नहीं थीं। अपने गृहनगर ग्वालियर को छोड़ना, माता-पिता और भाई से दूर होना उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण था। शुरुआत के दिनों को याद करते हुए उन्होंने बताया, जब आपको जीवन में कुछ बड़ा हासिल करना होता है, तो आपके पास सिर्फ आगे बढ़ने का ही रास्ता बचता है।

**फैशन मॉडलिंग से अभिनय की दुनिया तक का सफर-** पिता के जाने के बाद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक फैशन मॉडल के रूप में अपने काम को जारी रखा। इसी दौरान एक दोस्त के माध्यम से उनकी मुलाकात फिल्म जगत की जानी-मानी कास्टिंग डायरेक्टर फातिमा से हुई।

फातिमा ने उनकी छिपी हुई प्रतिभा को पहचाना और उन पर भरोसा जताया। इसी मुलाकात का नतीजा था कि उन्हें अपनी पहली फीचर फिल्म 'नमस्ते जी, क्या मैं अंदर आ सकता हूँ' में मुख्य भूमिका (लीड रोल) मिला।

### परिवार के समर्थन को दिया सफलता का श्रेय



अपनी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा, 'जब आप अपने घर और शहर से दूर होते हैं, तो अपनों का साथ ही आपकी सबसे बड़ी ताकत होता है। मैं अपने परिवार की बेहद आभारी हूँ, जो हर उतार-चढ़ाव में मेरे साथ चट्टान की तरह खड़ा रहा और मुझ पर विश्वास करना कभी नहीं छोड़ा।

**शक्ति सिंह, कलाकार**

### पिता का जाना था सबसे बड़ा आघात

शक्ति अपने जीवन में अपने पिता के सबसे करीब रहे, जो हर मोड़ पर उनका सबसे बड़ा सहारा बने रहे। जब पूरी दुनिया उनके सपनों पर अविश्वास कर रही थी, तब उनके पिता ने उन पर अपना भरोसा कभी कम नहीं होने दिया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; पिता के आकस्मिक निधन ने उन्हें पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, 'पिता को खोना मेरे जीवन का सबसे असहनीय आघात था। मैं अंदर से पूरी तरह टूट चुका था, लेकिन उनके दिए हौसले के दम पर मैं आगे बढ़ता रहा।'

### चुनौतीपूर्ण किरदार और टीवी पर दोहरी सफलता

शक्ति ने अपनी पहली ही फिल्म में रविंदर कपूर नाम का एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया। इस किरदार की मांग एक ही समय में मजबूत, संवेदनशील और दिलचस्प दिखने की थी, जिसे उन्होंने बखूबी पर्दे पर उतारा। शक्ति के लिए यह दोहरी खुशी का समय है, क्योंकि उनकी यह पहली फिल्म और इसके साथ ही उनकी दूसरी फिल्म 'नॉट जस्ट अ ड्राइवर' दोनों ही प्रतिष्ठित ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी हैं, जहाँ दर्शकों द्वारा उनके अभिनय को काफी सराहा जा रहा है।



ग्वालियर के इस बेटे (शक्ति) का यह सफर उन सभी युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है, जो छोटे शहरों से निकलकर बड़े सपने देखने की हिम्मत रखते हैं।

**फातिमा जरा जेन, कास्टिंग डायरेक्टर**



# माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 मई.** आंगनबाड़ी केंद्र पत्तल वाली गली सेक्टर 3 पर आयोजित किया गया। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना शहर के 4 के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पर्यवेक्षक सुनीता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेशमा खान, श्रद्धा जोशो, कल्पना चतुर्वेदी व शालिनी शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया एवं उपस्थित बालिकाओं की माहवारी स्वच्छता दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95